महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने की पहल

'कन्वर्जेंस-2014 : मीटिंग ऑफ माइंड्स-वुमन लीडिंग चेंज' शुरू

जयपुर कार्स। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फ्लो) के देशभर के 10 चैप्टर्स की 170 से अधिक महिला उद्यमी सोमवार को जयपुर में एकत्रित हुई। महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए एक जरिया बनाने के उद्देश्य से शहर में फ्लो की इंटर स्टेट मीट 'कन्वर्जेंस-2014 : मीटिंग ऑफ माइंड्स-वुमन लीडिंग चेंज' की शुरूआत प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. रमेश अरोड़ा के मोटिवेशनल लेक्चर के साथ हुई। तीन दिवसीय यह मीट आभा डालमिया, नमिता गौतम, मालविका राय, किरण गेरा, कुसुम अंसल, कविता डी चित्तूरी, अंजना सोमानी, दिव्या सूरी व नीना मल्होत्रा जैसी ख्यातनाम महिला उद्यमियों की उपस्थिति से फ्लो की सदस्यों के लिए एक आदर्श मंच साबित होगा। साथ ही महिला सशक्तिकरण की पहल के लिए एक उभरता नेतृत्व बन सकेगा। फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीता बूचरा ने कहा कि इस मीट में फ्लो के चेन्नई, मुंबई, हैदराबाद, कोयम्बटूर, कोलकाता, लुधियाना, उत्तर पूर्व, अहमदाबाद, बेंगलुरु व जयपुर चैप्टर की महिला उद्यमी व पेशेवर सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा कर मजबूत बिजनेस नेटवर्किंग करेंगी। इस दौरान विभिन्न चैप्टर्स की महिला प्रमुखों ने अपने चैप्टर्स के कार्यों के बारे में बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वच्छ भारत' अभियान को बड़े पैमाने पर क्रियान्वित कर रही हैं।

हाट बाजार में विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी

होटल ललित में लगाए गए हाट बाजार में ज्वैलरी से लेकर चूरन चटनी जैसे विभिन्न उत्पाद प्रदर्शित किए गए। नीता बूचरा ने बताया कि हाट बाजार में विभिन्न स्टॉल्स पर ज्वैलरी, हैंडीक्राफ्ट, शिल्प कौशल व कपड़े प्रदर्शित किए गए। महापौर निर्मल नाहटा ने विभिन्न चैप्टर्स के योगदान की सराहना की। वहीं चैप्टर्स के प्रमुखों की ओर से महापौर को एक स्मारिका भेंट की गई।